तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

14 वनाधिकार पट्टाधारियों के टोकन नहीं कटने से ...



14 जिला सहकारी बैंक भवन का निर्माण तीन साल से ...





लापरवाही : कैदी की मौत से राजनीति उबाल, विधायक बोली लापरवाह जेल अधीक्षक पर कार्रवाई हो

# कांकेर से रायपुर शिफ्ट कैदी की संदिग्ध मौत पर विधायक सावित्री का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में बंद एक कैदी की मौत ने पूरे क्षेत्र की राजनीति और जेल की प्रशासनिक व्यवस्था को

- मौत का जिम्मेदार कौन, रायपुर में कैदी की मौत पर गरमाई सियासत
- जेल प्रबंधन की कार्यशैली पर उठते सवाल, मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग तेज

हिलाकर रख दिया है। दो दिन पहले कांकेर जेल से रायपुर जेल में शिफ्ट किए गए कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना ने न केवल कैदी के परिजनों बल्कि स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों में भी आक्रोश पैदा कर दिया है। भानुप्रतापपुर के विधायक ने इस मामले में गंभीर नाराजगी प्रकट करते हुए इसे प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण बताया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मामले की न्यायिक जांच अनिवार्य है, नहीं तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन खड़ा किया जाएगा।





प्राप्त जानकारी के अनुसार, कैदी को कांकेर जिला जेल में लगातार स्वास्थ्य समस्याएँ हो रही थीं, लेकिन कथित रूप से जेल प्रशासन ने उसे समय पर उपचार उपलब्ध नहीं कराया। परिजनों का आरोप है कि कैदी लंबे समय से बीमार था, इसके बावजूद उसे उचित मेडिकल सुविधा दिए बिना रायपुर की सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर दिया गया। रायपुर पहुँचने के अगले ही दिन कैदी की अचानक मौत हो गई, जिसकी खबर मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। कैदी के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि यदि कैदी बीमार था, तो उसे शिफ्ट क्यों किया गया और शिफ्ट करने के तुरंत बाद उसकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जेल अधीक्षक की लापरवाही उजागर

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि कांकेर जेल प्रशासन की लापरवाही की वजह से एक कैदी की जान चली गई। यदि कैदी को समय पर बेहतर उपचार मिलता या बिना कारण जल्दबाजी में शिफ्ट न किया जाता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। यह घटना जेल प्रबंधन की गंभीर असफलता को दर्शाती है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कांकेर जेल के अधीक्षक ने कैदी की स्थिति का उचित आंकलन किए बिना उसे अचानक रायपुर शिफ्ट कर दिया। जिस व्यक्ति की हालत ठीक नहीं थी, उसे बिना मेडिकल प्राथमिकता के शिफ्ट करना अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## कांकेर आज हो सकता है बंद

जेल में संदेहास्पद मौत के बाद चारामा में गुरूवार को दिनभर बैठक हुई और जेल प्रशासन की कार्यशैली पर जमकर नाराजगी व्यक्त की गई। जेल प्रशासन की लापरवाही बरतने पर कांकेर जेल अधीक्षक को निलंबित करने और न्यायिक जाँच की माँग को लेकर आज कांकेर बंद रहने की संभावन है। समाचार लिखे जाने तक कांकेर बंद की अधिकृत घोषणा किसी के द्वारा नहीं किया गया है। चारामा में दिनभर चली बैठकों से यह लग रहा है कि कांकेर का बंद होना तय है। ऐसा लग रहा है कि यदि जांच और कार्रवाई में देरी हुई, तो यह मामला आने वाले समय में बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन सकता है।

## एक माह 22 दिन पहले भेजा गया था जेल

जानकारी के अनुसार 18 सितंबर 2025 को चारामा थाना में धारा 420, 467, 468, 34 आईपीसी के अलावा 318 4 एवं 340 बीएनएस के तहत मामला दर्ज हुआ था, जिसमें नामजद 8 आरोपी थे। आठ आरोपियों में से 3 आरोपी जीवन ठाकुर एवं अन्य 02 को 12 अक्टूबर 2025 को गिरफतार किया गया और कांकेर जेल भेजा गया था। इसके अलावा अन्य दो आरोपियों को अग्रिम जमानत हाईकोर्ट से मिल गई, वहीं 03 आरोपी अभी भी फरार है। मृतक जीवन ठाकुर चारामा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं आदिवासी समाज के नेता थे।

## सोलर पंपों की चोरी से किसान परेशान, गोटीटोला में 74 हजार की संपत्ति चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र में सोलर पंप की चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि होने से किसान परेशान हैं। इससे पहले 21 नवंबर की रात को तीन किसानों के सोलर पंप चोरी होने की खबर आई थी। इसके बाद 1 दिसंबर को एक और मामले का सामने आने से इलाके में सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं।



चारामा थाना में सोलर पंप चोरी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे गोटीटोला निवासी 43 वर्षीय उद्रे प्रसाद साहू ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने खेत में पानी सिंचाई के लिए क्रेडा विभाग से सोलर पंप लगाया था। 1 दिसंबर की शाम लगभग 5 बजे वह अपने खेत में गए थे, तब पंप सही सलामत लगा हुआ था। अगले दिन 2 दिसंबर को दोपहर लगभग 3 बजे जब उन्होंने पुनः खेत का निरीक्षण किया, तो देखा कि खेत में लगे सोलर पंप, स्टार्टर और केबल वायर गायब थे। उद्रे प्रसाद ने बताया कि चोरी हुई वस्तुओं की कीमत काफी अधिक है। सोलर पंप की कीमत 53 हजार 100 रुपये, स्टार्टर 18 हजार 290 रुपये और केबल वायर 3 हजार 500 रुपये थी। कुल मिलाकर चोरी गई संपत्ति की कीमत 74 हजार 890 रुपये बताई गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से उनकी चिंता बढ़ गई है। कई किसानों ने खेतों में लगे सोलर पंपों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से विशेष सावधानी और सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। स्थानीय लोग भी इस घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### धान का रकबा शून्य किसान हैं परेशान



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के आमागढ़ निवासी किसान हुमेश साहू एवं सिवनी निवासी परदेशी राम मंडावी ने बताया कि वे हर साल की तरह इस वर्ष भी धान बेचने पहुंचे, लेकिन पोर्टल में उनका रकबा शून्य दिखाई दे रहा है। उन्होने बताया कि रकबा सुधार के बिना धान बिक्री संभव नहीं है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। विभाग ने रकबा त्रुटि सुधार नहीं किया गया, तो उनकी पूरी फसल बिक्री के बिना ही खराब होने का जोखिम है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या शीघ्र हल नहीं हुई, तो वे आगे आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं।

### युवती ने जहर खाकर दी जान, मर्ग कायम

**पखांजुर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 55 हरिनगर निवासी 19 वर्षीय शेफाली महालदार का इलाज के दौरान 3 दिसंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था, जिसके कारण मौत हुई है। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह जांच का विषय है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम पटेल के लिए प्रभुराम का सर्वसम्मति से चयन



**अंतागढ़।** अंतागढ़ के ग्राम पंचायत कलगांव में आयोजित ग्रामसभा बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पटेल का चयन किया गया। ग्राम के परंपरागत गावड़े परिवार द्वारा पूर्वजों से निभाई जा रही पटेली की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामवासियों ने प्रभुराम गावड़े पिता दुखरूराम गावड़े को नए ग्राम पटेल के रूप में चुना। ग्रामवासियों ने पूर्ण सहमति से उन्हें यह दायित्व सौंपा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलगांव की सरपंच प्रमिला नरेन्द्र नाग सहित ग्राम के वरिष्ठजन, महिलाएँ, युवा एवं आम ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नव-चयनित पटेल को बधाई देते हुए कहा कि वे गांव के राजस्व कार्यों सहित अन्य समस्त सामाजिक, सामुदायिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएँ, जिससे गांव में आपसी एकता, भाईचारा, सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण कायम रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 92 निवासी 35 वर्षीय जनार्दन रंग का साप के काटने से 26 सितंबर को मोत हो गया। छोटेबेठिया निवासी जनता रंग ने पुलिस को बताया कि मृतक को साप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पखांजुर थाना से मर्ग डायरी छोटेबेठिया थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात कारणों से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 107 निवासी 32 वर्षीय परिमल बढ़ई का अज्ञात कारणो से मौत हो गया। पीव्ही 107 निवासी 38 वर्षीय निर्मल बढ़ई ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच अज्ञात कारणो के चलते मृतक का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता 19 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम घमरे में नव युवा संगठन के तत्वावधान में ओपन प्रो-कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 दिसंबर तक हासपेन सुखराम सलाम खेल मैदान में आयोजित होगी।

## धर्मांतरण रोकने के लिए 35 गांव के सर्व समाजजन नरहरपुर में एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धर्मांतरण के बढ़ते मामलों को रोकने और समाज में जागरूकता लाने के

- शीतला माता मंदिर के प्रांगण में हुई बैठक में एक परिवार की हुई वापसी

उद्देश्य से नरहरपुर में 35 गांवों के सर्व समाज ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इसी दौरान एक परिवार ने सार्वजनिक रूप से अपने मूल धर्म में वापसी कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीण सुदामा नेताम, जिन्होंने कुछ समय पूर्व ईसाई धर्म अपनाया था, ने अपनी पत्नी की बीमारी और परिस्थितियों को देखते हुए फिर से अपने सनातन धर्म में लौटने का निर्णय लिया। नरहरपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में हुई इस बैठक में सुदामा नेताम और उनके परिवार का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। समाजजन ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और घर वापसी पर बधाइयाँ दीं। ग्रामीण सुदामा नेताम ने बताया कि वे लालच और बहकावे के कारण ईसाई धर्म की ओर आकर्षित हुए थे, लेकिन जब उनकी पत्नी की सेहत लगातार बिगड़ती गई, तो उन्होंने गहराई से आत्मचिंतन कर अपने मूल धर्म में वापसी का फैसला किया। इस प्रक्रिया में सर्व समाज के लोगों ने उनकी पूरी मदद की और उन्हें समझाइश देकर अपने धर्म में लौटने के लिए प्रेरित किया। सुदामा नेताम ने भावुक होकर कहा मैं अपने मूल धर्म में वापस आकर बेहद खुश हूँ। समाज के लोगों ने मुझे नई दिशा दी है, इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ।

आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने धर्मांतरण के खिलाफ नारे लगाए और अपने धर्म की रक्षा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शराब के नशे में पड़ोसी की बेदम पिटाई से युवक का घुटना जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बांदे थाना क्षेत्र के पीव्ही 108 शंकरनगर गांव में देर शाम उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने मामूली बात पर अपने पड़ोसी के साथ मारपीट कर दी। गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसा में बदल गया और आरोपी ने पड़ोसी को जान से मारने की धमकी तक दे डाली। घटना में पीड़ित के घुटने में चोट आई है, जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर अपराध कायम कर लिया है। पीव्ही 108 शंकरनगर निवासी 31 वर्षीय नित्यानंद सरकार ने बांदे थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह सुबल बैरागी की खेती जमीन को तीन वर्ष की अवधि के लिए कृषि कार्य के लिया है, जिसमें दो वर्ष पूरे होने वाले हैं। जमीन संबंधी लेन-देन को लेकर उसका सुबल बैरागी से कोई विवाद नहीं है। नित्यानंद के अनुसार 2 दिसंबर की ▶▶| शेष पेज 12 पर

### रासेयो शिविर में कुरीतियों के खिलाफ किया जागरूक



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक का सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत गोद ग्राम ठेकाडोडा में 1 से 5 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। तृतीय दिवस को सुबह प्रभात फेरी, योगा अभ्यास, सड़क किनारे, नल कूप के आसपास की सापु सफाई एवं स्वास्थ्य पर बौद्धिक चर्चा, निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता, जिसमे जिला संगठन रासेयो कांकेर भागीरथी नायक का आगमन हुआ। उनके द्वारा स्वयं सेवकों रासेयो के उद्देश्य की पूर्ण जानकारी दिया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में नृत्य,नशा मुक्ति, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों को नुक्कड़ नाटक अभिनय प्रस्तुति किया गया।

## कांकेर के 5 वार्डों में 62 लाख से बनेंगे पीडीएस गोदाम, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नगर के वार्डवासियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूर्ण करते हुए कुल 62.15 लाख रुपए की लागत

- सुगम राशन वितरण की ओर कांकेर के कदम

से पांच वार्डों में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। प्रति दुकान 12.43 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इन केंद्रों से वार्डवासियों को बेहतर तथा सुगम राशन वितरण की सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भूमिपूजन के दौरान कहा कि हमारी सरकार और नगर पालिका का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही उचित मूल्य दुकान की मांग आज पूरी हो रही है। इन पांच वार्डों में लगभग 62.15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दुकानें न केवल राशन वितरण की प्रक्रिया को सुगम बनाएगी, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित करेंगी। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कांकेर शहर विकास की हर उस दिशा में आगे बढ़े, जिसकी जनता ने हमसे उम्मीद की है। आने वाले समय में भी कई जनहितकारी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा।

मैं सभी वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग और समर्थन दिया। भाजपा सरकार द्वारा शहर में लगातार विकास कार्यों की सौगात देने का यह एक और उदाहरण है। वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन राशन दुकानों के निर्माण से उन्हें अत्यधिक सुविधा मिलेगी तथा वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है।

### निर्मित होने वाली उचित मूल्य दुकानें

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 01 में अलबेलापारा, वार्ड क्रमांक 03 में शिवनगर, वार्ड क्रमांक 09 श्रीराम नगर, वार्ड क्रमांक 15 एमजी वार्ड और वार्ड क्रमांक 18 बरदेभाटा में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य के लिए पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। प्रत्येक दुकान की लागत प्रति दुकान 12.43 लाख रुपए है।

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षदगणों में मीरा सलाम, उगेश्वरी उइके, शकुंतला जैन, चित्ररेखा ▶▶| शेष पेज 12 पर

मोओवादियों को ठेंगा, बिखरी रोशनी, ग्रामीणों के चेहरे खिल रहे

# रास्ते जहाँ नहीं थे, वहाँ मंजिल के निशान कांकेर में पुलों से बदली लाखों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सपनों को पंख तब मिलते हैं, जब रास्ते मजबूत हों और कांकेर जिले में बीते तीन वर्षों में यही हकीकत बन रही है। जहां कभी माओवादी बाधाओं और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते विकास ठहर-सा गया था, वहीं अब तेजी से बने पुल और सुदृढ़ सेतु उस अंधेरे को चीरते हुए विकास और समृद्धि के नए द्वार खोल रहे हैं। करोड़ों की लागत से तैयार हुए ये पुल न सिर्फ आवागमन को सरल बना रहे हैं, बल्कि माओवाद उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार दे रहे हैं।




आकांक्षी जिला कांकेर में विकास की धारा अब पुलों के रूप में साकार हो रही है। बीते तीन वर्षों में सेतु निर्माण कार्यों में आई उल्लेखनीय तेजी ने जिले की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। दुर्गम पहाड़ी इलाकों और माओवादी प्रभावित सुदूरांचलों में जहां कभी बरसात में महीनों तक संपर्क बाधित रहता था, वहीं अब मजबूत पुलों ने हर मौसम में आवागमन का भरोसेमंद मार्ग उपलब्ध कराया है। जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान 101.16 करोड़ रुपये की लागत से 20 सेतु निर्माण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पुल विकास व सुरक्षा के लिए साबित हो रहे गेम चेंचर

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि खासकर माओवादी प्रभावित इलाकों में यह पुल विकास और सुरक्षा दोनों के लिए गेम चेंजर साबित हो रहे हैं। मिचगांव-कोडेकुर्से मार्ग पर कोटरी नदी पर 9.35 करोड़ रुपये तथा आतुरबेड़ा-भैंसगांव-निब्रा मार्ग में मेढ़की नदी पर 9.57 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल इसके प्रमुख उदाहरण हैं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इनका पूरा होना प्रशासन और स्थानीय लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### 250 करोड़ के 36 नए पुल प्रस्तावित

सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र सोनकर ने बताया कि कांकेर में बन रहे सेतु निर्माण केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और बदलाव का पुल साबित हो रहा है। जिले में हर दिशा को जिला मुख्यालय और राजधानी से जोड़ने को ध्यान में रखते हुए शासन ने 250 करोड़ रुपये की लागत से 36 नए सेतु निर्माण प्रस्ताव बजट में शामिल किए हैं।

### शराब पीने की सुविधा दी, पकड़ाया ग्रामीण



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 3 दिसंबन को आरोपी स्कुलपारा बांदे निवासी असीम अधिकारी को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा अन्य लोगो को शराब पीने की सुविधा दिया जा रहा था। शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देने के आरोप में आरोपी को पकड़ा गया और धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# धान खरीदी तक किसानों के पंजीयन-गिरदावरी त्रुटि सुधार जारी रखने की मांग

## सीपीआई ने राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने जिले के सभी किसानों का धान खरीदी पूर्ण होने तक पंजीयन, गिरदावरी और रकबा सुधार कार्य लगातार जारी रखने की मांग उठाई है। इसी संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित कर 3 दिसंबर को भेजा गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर को भी दी गई है। ज्ञापन को सीपीआई जिला सचिव व सदस्यों, शैलेष, पतिराम, दिनेश, रामचंद, रामकुमार, दुबेष, रामसिंह द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। सीपीआई ने बताया कि जिले के अनेक किसानों को खरीफ सीजन में धान फसल की गिरदावरी नहीं होने, वनाधिकार पट्टा धारकों का पंजीयन नहीं होने, रकबा त्रुटि के कारण पूर्ण धान न बेच पाने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन शिकायतों की लगातार प्राप्ति पर सीपीआई ने कहा कि किसान मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने 25 नवंबर को सीपीआई ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की थी। लेकिन 3 दिसंबर तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, ऐसा संगठन का आरोप है। आज भी किसान एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सीपीआई ने ज्ञापन में कहा है कि यदि त्रुटियों के समाधान में देरी के कारण किसी किसान को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रभावित किसान धान तौलकर कलेक्टर कार्यालय परिसर में जमा करेंगे। धान का पूरा मूल्य दिलाने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### प्रशासनिक लापरवाही आ रही सामने

सीपीआई ने बताया कि गिरदावरी-पंजीयन त्रुटियों और रकबा समस्याओं में प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट है, जिसके कारण हजारों किसान एमएसपी पर धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। सीपीआई, अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वृहद जनांदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### थाने में महिला आरक्षक का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नवपदस्थ एसपी पंकज चंद्रा ने पुलिस परिवार में आपसी सामंजस्य और उत्साह का माहौल बनाए रखने के लिए एक नई पहल की है। जिसमें जिले के सभी थानों कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के जन्मदिन को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की रात 8 बजे स्थानीय थाने में पदस्थ महिला आरक्षक भानूप्रिया के जन्मदिन को पूरे स्टॉफ के लोगों ने केक काटकर मनाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विकासचद्र राय, सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार , सुरेंद्र बघेल सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

### नवोदय विद्यालय में आधार शिविर लगाया जाएगा कल

**कोण्डागांव।** पोस्ट ऑफिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में कल आधार नामांकन सुधार शिविर लगाया जाएगा। साथ ही साथ नए आधार कार्ड बनाये जाएंगे। शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के आदेश के तहत उप-संभागीय निरीक्षक डाक आर. एस.मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में सम्पन किया जाना है। साथ ही फरसगांव पोस्ट ऑफिस के द्वारा हाईस्कूल मालाकोट में आधार शिविर नियत किया गया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार 2025 बच्चों का नामांकन 20 तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2025 के लिए राज्य वीरता पुरस्कार" के नामांकन आमंत्रित किए हैं। जो बालक-बालिका ने डूबते बच्चे को बचाया, आग से किसी की जान बचाई, चोरी-लूट में बहादुरी दिखाई, या कोई भी असाधारण साहस किया हो उसे 25,000 रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। घटना के समय बच्चे की उम्र 18 वर्ष से कम हो, कलेक्टर का अनुशंसा पत्र, एफ.आई.आर या पुलिस डायरी की कॉपी, समाचार पत्र की कटिंग यदि हो 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो सक्षम अधिकारी से प्रमाणित 4 अतिरिक्त फोटो, घटना का पूरा विवरण, आवेदन 3 प्रतियों में 20 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक-92, कोण्डागाँव में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय एवं दिवस में 15 दिसम्बर 2025 तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में हेड मास्टर हुए घायल



**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर के पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को अपरान्ह 4:30 बजे पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार फरसगांव निवासी शिक्षक कार्तिक दुग्गा उम्र 58 वर्षीय घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर में रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम फरसगांव रावणभाटा निवासी कार्तिक दुग्गा ग्राम सदाडी के शा. माध्यमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। हर दिन की तरह शाम को बाइक में सवार होकर स्कूल से घर वापस आ रहे थे। तभी शाम करीब 4:30 बजे बड़ेडोगर के पेट्रोल पंप के समाने पिकअप के साथ टक्कर हो गई। हादसे में प्रधानाध्यापक कार्तिक दुग्गा घायल हो गए। जिन्हें बड़ेडोगर के उप सरपंच सुरेश समरथ और अजय मंडावी, हुकुम सेठ्ठी ने निजी वाहन से तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाए। हादसे में प्रधानाध्यापक का एक पैर टूट गया, हाथ में और सीने में चोट आई है। फरसगांव अस्पताल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र और राधे श्रीवास ने घायल के उपचार में मदद की।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस: एनसीसी मैदान में शिविर, खेल स्पर्धा सहित अन्य आयोजन

# दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, बल्कि विशेष प्रतिभा के धनी : विधायक लता

**अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज एनसीसी ग्राउंड में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथ्य बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी थीं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, बल्कि विशेष प्रतिभा के धनी हैं। सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। समाज को भी आगे आकर इनकी मदद करनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल यह दिन हौसले और संकल्प का उत्सव है। शिक्षा, खेल, रोजगार हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। जिले में जल्द ही दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय शुरू होगा।





### महावीर जयपुर फुट सेंटर का विशेष शिविर

शिविर में 8 व्हीलचेयर, 5 ट्रायसाइकिल, 2 कैलीपर्स का वितरण किया गया। शिविर में 75 यूडीआईडी कार्ड आवेदन, 50 कृत्रिम अंग हाथ-पैर के लिए पंजीयन कराया है। एक व्यक्ति को मौके पर ही जयपुर फुट लगाकर प्रदान किया गया। 4 दिव्यांग बच्चोंए 18 सामान्य लोगों का आधार पंजीयन हुआ। खेलकूद और रंगोली प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों-युवाओं ने धमाल मचाया। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, जैनेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती कमलेश्वरी सेठिया और लीलावती, पार्षदगण हिना श्रीवास्तव और संतोष पात्र, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जनपद सीईओ उत्तम महोबिया, समाज कल्याण की उपसंचालक ललिता लकड़ा, डीएमसी ईमल बघेल एवं अन्य विभागीय अधिकारी और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## एनजीओ घरौंदा ने ली बालिका की आजीवन देखभाल की जिम्मेदारी

# कोलचुर में नाना की पहल पर अंधेरे कमरे से बालिका का किया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावण्ड जनपद की एक मार्मिक घटना सामने आई है। जिसमें बालिका को उसके पिता ने नहीं बल्कि नाना ने रखा था। वह किसी प्रताड़ना के उद्देश्य से नहीं बल्कि गरीबी और असमर्थता के चलते उसे अकेला और भूखा न छोड़ने की मजबूरी में रखा था। लगभग 8 माह पहले यह मामला तब सामने आया जब वृद्ध नाना की कमाने की क्षमता समाप्त होने लगी और उसने स्वयं पहल कर गांव की मितानिन को सूचना दी।

सूचना जनपद पंचायत से होते हुए समाज कल्याण विभाग तक पहुंची। जिसके बाद बालिका को रेस्क्यू कर कोलचुर स्थित घरौंदा एनजीओ को सौंपा गया। विभाग की उपसंचालक सुचिता मिंज ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बच्ची की दोनों आंखों की रोशनी समाप्त हो चुकी है, घरौंदा की सिस्टर्स ने उसका मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया। वर्तमान में बच्ची शारीरिक रूप से स्वस्थ है किंतु मन का भय अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। एनजीओ ने पूरे जीवन भर की देखभाल की जिम्मेदारी स्वीकार की है।

# कांग्रेस नेता देर से पहुंचे एयरपोर्ट, चार्टर्ड प्लेन से जा चुके थे सीएमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एनएमडीसी के सीएमडी गुरुवार को दौरे पर आए थे। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता उनसे मिलने एयरपोर्ट पहुंचे । उन्हें बताया गया कि एमडी चार्टर्ड प्लेन से जा चुके हैं। नाराज कांग्रेसियों ने ज्ञापन की कॉपी एयरपोर्ट के बाहर जलाकर गुस्से का इजहार किया और नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते कहा कि बस्तर का लोहा जब इस्तेमाल किया जा रहा है तो नौकरी भी यहीं देना चाहिए ना कि आंध्रप्रदेश में। ज्ञात हो कि आर्सलर मित्तल द्वारा आंध्र प्रदेश में नौकरी देने की बात कही जा रही है, जो किरंदुल से लोहा पाइपलाइन से ले जा रहा है।

**ये रहे उपस्थितः** मिलने गए नेताओं में ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ला, महिला अध्यक्ष लता निषाद, राजेश चौधरी, हेमू उपाध्याय, अनवर खान, बलराम यादव, एस नीला, पार्षद सूर्या पानी, जोएस्टिन भवानी, अफरोज बेगम, कोमल सेना, बी ललिता राव, कमलेश पाठक, विशाल खम्बारी व अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# केशकाल विधायक ने बड़ेराजपुर से मुंडापारा सड़क नवीनीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/विश्रामपुरी



केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बड़ेराजपुर क्षेत्र की बहुप्रशिक्षित मुंडापारा छिंदली तक 8 किलोमीटर तक की सड़क जो कि 226.58 लाख रुपए की लागत से नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ेराजपुर,छोटेराजपुर,छिंदली,कोपरा, मांडोकी खरगांव समेत आठ पंचायतों के जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब कोंडागांव जिले का कलेक्टर था, तब से बड़े राजपुर से मुंडापारा सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर काफी परेशान रहता था। अब तक पता नहीं कितने लोग इस सड़क पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। विधानसभा का चुनाव लड़ते वक्त भी इस सड़क नवीनीकरण का संकल्प लिया था। अथक प्रयास के बाद अब इस रोड नवीनीकरण की स्वीकृति मिली है। 8 किलोमीटर की सड़क 2 करोड़ 26 लाख 58 हजार रुपए की लागत से अतिशीघ्र बनकर तैयार होगी। विधानसभा केशकाल क्षेत्र में बड़ेराजपुर बहुत सारी चीजों में पिछड़ा हुआ है, हमारा अथक प्रयास है कि हम बचे हुए कार्यों की स्वीकृति जल्द दिलाकर बड़ेराजपुर को भविष्य में ब्लॉक मुख्यालय का दर्जा दिला सके। वर्तमान में विधायक केशकाल के प्रयास से 30 लाख रुपए की लागत का महतारी सदन का कार्य प्रगति पर है। पांडे पारा से रावसवही सड़क भी विधायक नीलकंठ टेकाम के माध्यम से बन चुकी है। आने वाले दिनों में विधायक ने ओडिशा राज्य से बड़ेराजपुर होते हुए बस चलवाने का भी आश्वासन दिया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में आंगा देवता की भी उपस्थित नजर आई। सभी ग्राम पंचायत के ग्राम पटेल पुजारी सरपंच एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल रहे कोंडागांव जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सेवक राम नेताम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनीता नेताम मंडल अध्यक्ष मन्ना मरकाम प्रदेश मंत्री आ.जा.ज. एवं जनपद सदस्य संगीता पोयम बीजेपी के कई बड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### कांकेर से रायपुर...

मृत्यु कैसे हो गई? इन सवालों ने पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। घटना गुरूवार की सुबह लगभग 8 बजे हुई और उनके परिजनों को दोपहर 3 बजे तक कोई अधिकृत खबर नहीं दी गई। मृतक के परिजन और उनके रिश्तेदार इस मामले को लेकर सीधे चारामा में विधायक निवास पहुँची और विधायक सावित्री मंडावी को घटना की जानकारी दिया। घटना की खबर फैलते हुए विधायक निवास पर हुजूम एकत्र हो गया। विधायक ने सक्रियता दिखाई और पतासाजी किया, तब पता चला कि मृत्यु की घटना सही है।

### धर्मांतरण रोकने के...

करने की शपथ ली। उन्होंने साफ कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे मामलों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे तथा लोगों को अपने मूल धर्म और संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। सर्व समाज की इस पहल से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और इसे सामाजिक एकजुटता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### शराब के नशे...

शाम उसका पड़ोसी सुशांत मंडल शराब के नशे में धुत होकर उसके घर के सामने पहुंचा और उसे व उसकी मां को अपशब्द कहने लगा। लगातार गाली देने से रोकने पर आरोपी बौखला गया। नित्यानंद ने जब सुशांत से पूछा कि वह बिना कारण उसके परिवार को क्यों गाली दे रहा है, तो आरोपी आक्रोश में आकर हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के दौरान नित्यानंद के बांए घुटने में गंभीर चोट लग गई। किसी तरह स्थिति से खुद को बचाते हुए वह थाने पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रारंभिक जांच के बाद बांदे पुलिस ने आरोपी सुशांत मंडल के खिलाफ धारा 115(2), 296 और 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गांव में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की आगे पड़ताल में जुटी है।

### कांकेर के 5...

जैन, मंजू सारथी, नीन खान, जीतेन्द्र वैद्य, अजय रेनू, ओमप्रकाश देवांगन, पूर्व पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक, टेकेश्वर जैन, दिनेश रजक, सपन श्रीवास्तव, जतिन अटभैया, योगश साहू, घनेन्द्र ठाकुर, अधिकारियों में सीएमओ पवन कुमार मेरिया, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रास्ते जहाँ नहीं...

कार्य पूरे हो चुके हैं, जिनसे लगभग 160 गांवों के 80 हजार से अधिक लोगों को स्थायी सड़क संपर्क मिल गया है। इन पुलों के बनने से शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य सेवाएं और सरकारी योजनाओं की पहुंच अब पहले से काफी आसान हो गई है। वर्तमान में भी जिले में 60 करोड़ रुपये की लागत से 12 वृहद् पुलों का निर्माण तेजी से जारी है।

## कोण्डागांव को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने की मुहिम, उल्लास महापरीक्षा होगी 7 को

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत पूरे देश में चल रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सबसे बड़ी परीक्षा अब कोण्डागाँव में भी 7 दिसंबर को गाँव की चिन्हांकित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में होगी। केवल वही शिक्षार्थी जिनका नाम उल्लास पोर्टल पर सर्वे के बाद ऑनलाइन पंजीकृत है। बुनियादी अक्षर ज्ञान, संख्यात्मक ज्ञान और जीवन कौशल की परीक्षा होगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों, ग्राम प्रभारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, सरपंचों, सचिवों और जिला-ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से कहा अपने गाँव-टोले के हर शिक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक जरूर लाएँ।

## जैविक कृषि प्रशिक्षण, हर्बल खेती और किसान-उत्थान में विशिष्ट योगदान

# अनुराग राज्य स्तरीय गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड 2025 से सम्मानित

**लाखों किसानों को अब तक दे चुके हैं निशुल्क प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के निदेशक अनुराग त्रिपाठी को जैविक कृषि और किसान उत्थान में लंबे समय से किए जा रहे कार्यों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान मिला।

राजधानी रायपुर में समता साहित्य अकादमी के समारोह में उन्हें गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड 2025 से अलंकृत किया गया।

श्री त्रिपाठी सम्मान शशांक शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम आर. बंजारे ज्वाला प्रांताध्यक्ष समता साहित्य अकादमी ने दिया। अनुराग त्रिपाठी वर्षों से देशभर के लाखों किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों और युवाओं को जैविक खेती, प्राकृतिक खाद निर्माण, बीज संवर्धन, हर्बल दवाइयों का निर्माण, कृषि आधारित उद्यमिता विषयों पर निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में यह केंद्र बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में जैविक कृषि का अग्रणी मॉडल माना जाता है, जहाँ प्रतिवर्ष हजारों किसान नई तकनीकें सीखते हैं।



### सामाजिक और शैक्षणिक योगदान का मिला सम्मान

समता साहित्य अकादमी द्वारा यह अवार्ड उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो लोक-शिक्षण, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देते हैं। अनुराग त्रिपाठी को यह सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवा और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से बस्तरऔर मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सदस्यों सहित क्षेत्र के किसानों में गर्व और उत्साह का वातावरण है।

## खबर संक्षेप

### उल्लास महापरीक्षा के संचालन पर हुई चर्चा



**बस्तर।** जनपद पंचायत के सभागार में हाईस्कूल और हायरसेकंडरी के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 7 दिसंबर को होने वाली उल्लास महापरीक्षा के सफल संचालन पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने अपील की कि शत-प्रतिशत निरक्षरों को परीक्षा में उपस्थित कराएं और उन्हें केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अभियान में सभी की सहभागिता को बहुत महत्वपूर्ण और जरूरी बताया गया, इसे पुण्य का काम कहा गया। पंचायत स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील कुमार तिवारी, बीआरसी अजम्भर कोर्राम और ब्लॉक के सभी प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिपं में आज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छताग्राही उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सलाहकार डॉ. रूपेश कुमार राठौर एवं पुरुषोत्तम पंडा ने प्रतिभागियों को प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, उसके सुरक्षित निपटान, संग्रह एवं रीसाइक्लिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के अनियंत्रित उपयोग से पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं, इसलिए इसे सही तरीके से प्रबंधित करना आवश्यक है।

## वर्षों से मुख्यधारा से कटे ग्रामीणों के लिए विकास का खोला रास्ता

# माओवादियों की दरभा डिविजन के 'सेफ हेवन' पर सुरक्षाबलों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

### गोगुंडा की पहाड़ी फतह








कभी माओवादियों के दरभा डिवीजन का सुरक्षित ठिकाना रही गोगुंडा की दुर्गम पहाड़ी अब सुरक्षाबलों के नियंत्रण में है। ऊंची-नीची ढलानों, घने जंगल और पहुंचहीनता के बीच पहाड़ी शिखर पर नया सुरक्षा कैंप स्थापित कर सुरक्षाबलों ने न केवल रणनीतिक बढ़त हासिल की है, बल्कि वर्षों से मुख्यधारा से कटे ग्रामीणों के लिए आवागमन और विकास का रास्ता भी खोल दिया है।

- इलाज, राशन, स्कूल व सरकारी योजनाओं तक ग्रामीणों की पहुंच हुई आसान

चारों ओर से पहाड़ियों से घिरे ग्राम गोगुंडा तक आज तक न कच्ची सड़क थी, न पगडंडी। सबसे पहले पहाड़ी काटकर सड़क बनाई गई जो अपने-आप में जोखिम भरा अभियान था। इसी सड़क से अब ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। इलाज, राशन, स्कूल और सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान हुई है।

नवीन कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे सीआरपीएफ सीजी सेक्टर के महानिरीक्षक शालीन ने निर्माण कार्य, कैंप की सुरक्षा, संचार व्यवस्था और एंटी-नक्सल ऑपरेशंस की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जवानों से सीधे संवाद कर उनकी जरूरतें जानीं और मनोबल बढ़ाते हुए कहा, यह कैंप इलाके के लिए सुरक्षा कवच बनेगा। निरीक्षण के दौरान सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित, सुकमा एसपी किरण चव्हाण व 74 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट हिमांशु पांडेय सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त रणनीति पर चर्चा हुई। एरिया डॉमिनेशन, ग्रामीण समन्वय और आगामी अभियानों को लेकर स्पष्ट रोडमैप रखा गया। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया, यह कैंप छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्ला नार योजना की भावना को जमीन पर उतारता है। इलाके की सुरक्षा के साथ-साथ विकास को अंजाम दिया जाएगा। कैंप स्थापित होने से पहुंचहीन गांवों में प्रशासनिक उपस्थिति मजबूत होगी और जनकल्याणकारी योजनाएं सीधे लाभार्थियों तक पहुंचेंगी। हालांकि अभियान की राह जोखिममुक्त नहीं रही। कैंप स्थापना के दौरान प्लांटेड आईईडी ब्लास्ट में एक सीआरपीएफ जवान और सुकमा जिला पुलिस की एक महिला जवान घायल हुईं। दोनों का उच्चस्तरीय उपचार जारी है।

**2 साल में खुले 21 कैम्प**

2024 से अब तक सुकमा जिले में 21 नए सुरक्षा कैंप स्थापित। इसी अवधि में 587 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। विभिन्न अभियानों में 68 माओवादी मारे गए और 450 गिरफ्तार।

## ककाड़ी व नहाड़ी की महिलाओं को डिजिटल व मोबाइल बैंकिंग पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत ग्राम ककाड़ी एवं नहाड़ी, ग्राम पंचायत नहाड़ी, ब्लॉक कुआकोंडा में 3 दिसंबरको डिजिटल एवं मोबाइल बैंकिंग विषयक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों को मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाओं के सुरक्षित उपयोग एवं सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी गई।

इस संबंध में मुख्य प्रशिक्षक शिव बघेल लीड बैंक मैनेजर, एसबीआई ने बताया कि यदि बैंक खाता आधार से लिंक हो जाता है तो महतारी वंदन योजना सहित अन्य लाभ सीधे खातों में प्राप्त हो सकते हैं तथा महिलाएं अपने मोबाइल से लाभ की स्थिति की पुष्टि भी कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त शाखा प्रबंधक, एसबीआई नकुलनार रंजीत पासवान, सहायक प्राध्यापक, सूचना प्रौद्योगिकी, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा सरला पैंकरा एवं सीना राव ने भी इस संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में ग्राम ककाड़ी एवं नहाड़ी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए डिजिटल बैंकिंग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया तथा कहा कि इससे सरकारी योजनाओं तक पहुंच अधिक सरल और पारदर्शी होगी। इस मौके पर सरपंच हेमला, उपसरपंच हरीश मंडावी एवं जनपद सदस्य हीरालाल, प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे, प्रधान अन्वेषक डॉ. अतुल त्रिवेदी, लखमा, शिवकुमार, महेश, अंकित, अमन, गनेश्वर कुमार, गुलशन एवं तुशार उपस्थित थे।

## आवासीय परिसरों में स्पेशल टीम करेगी मलेरिया जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम



जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 13वां चरण प्रारंभ 8 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में जावंगा ऑडिटोरियम में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के गीदम दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा के मैदानी स्वास्थ्य अमले यथा मितानिन, बीएमओ, आरएचओ, बीसी सखी सहित समस्त सरपंच सचिवों की मेगा बैठक ली गई।

बैठक में मलेरिया मुक्त अभियान की उद्देश्य, रूपरेखा, एवं संचालन पर अपना उद्बोधन केन्द्रित करते हुए उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले इस अभियान को अपने शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी मितानिने दीदी, सरपंच, सचिव जनप्रतिनिधि इसे चुनौती की तरह ले क्योंकि भावी पीढ़ी को मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाना हम सब का महती दायित्व है। यह इसलिए भी जरूरी है विश्व के अधिकांश देश आज मलेरिया मुक्त हो चुके है। और अगर हम दंतेवाड़ा जिले की बात करे तो मलेरिया उन्मूलन की दृष्टि से अभी हम छत्तीसगढ़ राज्य के औसत से पीछे चल रहे है। क्योंकि जिले में कुआकोंडा, एवं कटेकल्याण ब्लॉक अति संवेदनशील श्रेणी में है। कटेकल्याण ब्लॉक में मलेरिया उन्मूलन को हमे इसलिए अधिक तरजीह देनी होगी क्योकि यहां मलेरिया के विषेष वेरियंट मिले है इसके अंतर्गत मलेरिया के प्रारंभिक लक्षण न होते हुए भी जांच के दौरान वे मलेरिया पॉजिटिव पाये जा रहे है।

ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति दूसरे व्यक्तिओं को भी मलेरिया संक्रमित कर सकता है। अतः अब समय आ गया है कि हम इस 13वें चरण के अभियान को गंभीरता से लेते हुए षत प्रतिषत व्यक्ति का ट्रेकिंग करना सुनिश्चित करें और जांच में कोई भी व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए।

उन्होंने अभियान के संचालन के विषय में बताया कि इसके लिए संपूर्ण जिले हेतु 230 चिकित्सा जांच दलों का गठन किया जा चुका है जो घर-घर सर्वे करके प्रति व्यक्ति मलेरिया जांच सुनिश्चित करेगें। इसके लिए सभी मितानिन दीदियों से उनके आस-पास के ही गांव को आवंटित किया गया है ताकि सर्वे में कठिनाई न हो और उनके साथ आरएचओ, सीएचओ की टीम भी मौजूद रहेगी जो जांच के दौरान पॉजिटिव और नेगेटिव लक्षणों व्यक्तियों का चिन्हांकन करके उनके पैरों में चिन्ह अंकित करेगी। इसके अलावा सर्वे हो चुके घरों का स्टीकर भी लगाए जाएगें।

## विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



पीएम श्री एकलव्य आदर्श विद्यालय भैरमगढ़ में बुधवार को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने अनुभव, उपलब्धियाँ और प्रेरणादायक विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश द्वारा पूर्व विद्यार्थियों के साथ सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विभिन्न सत्रों के पूर्व छात्र-छात्राओं ने मंच से अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कई एलुमनी ने शिक्षाए रोजगार एवं सामाजिक क्षेत्रों में मिली उपलब्धियों का उल्लेख कर वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी दिया। मध्यांतर में विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य प्रस्तुति एवं आदिवासी लोकनृत्य जैसे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्होंने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने वॉलीबॉल सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम की ऊर्जा को और बढ़ाया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी एलुमनी का सम्मान किया गया तथा प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई इस एलुमनी मीट ने विद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को और मजबूत किया।

### बस स्टैण्ड में शौचालय निर्माण प्रगति पर

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद ने बस स्टैण्ड, दंतेवाड़ा स्थित शौचालय निर्माण कार्य द्रुत गति से पूर्ण कराया जा रहा है। परिषद द्वारा जानकारी दी गई है कि निर्माण के दौरान आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं, स्थल परिस्थितियों एवं स्वीकृत चरणों का पालन किया गया है। इस संबंध मे संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस प्रकार शौचालय निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित मांग, मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## बेटियों की शिक्षा के लिए राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड



विधायक लखेश्वर बघेल ने गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 90 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ

- विधायक ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

एवं छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से की गई।

विद्यालय परिसर में पहुंचे विधायक का स्वागत प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों तथा छात्राओं ने गर्मजोशी से किया। छात्राओं ने तिलक, पुष्पगुच्छ एवं स्वागतगीत से उनका अभिनंदन किया।

साइकिल वितरण के अवसर पर विधायक बघेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा बस्तर की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। हमारे विद्यालय की कई छात्राएं खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में नेशनल स्तर तक पहुंचकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी हैं। भविष्य में भी यही ऊर्जा और लगन बनाए रखें।

कक्षा 11वीं की छात्रा सिमरन देवांगन ने छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद एवं छत्तीसगढ़ की जीवनशैली पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसकी विधायक ने विशेष सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल,दिलीप सिंह सेंगर , नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे पार्षद अंकित पारख, नरसिंह नागेश, समीर मिश्रा, चंपा ठाकुर बैधनाथ मौर्य, हेमन्त कश्यप, लखबती मौर्य, सेवती बघेल बनवाली यादव पूरन शर्मा, मालती शर्मा, प्रचार्य चद्रभान मिश्रा, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित स्कूली छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका संतोषी चौधरी ने की।

**कन्या शाला को मिली 2.50 लाख की सौगात**

कार्यक्रम में बाल कैबिनेट ने विधायक के समक्ष सांस्कृतिक एवं खेल सामग्री की कमी का मुद्दा रखा। समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तुरंत समाधान की घोषणा की सांस्कृतिक सामग्री हेतु 2 लाख, खेल सामग्री हेतु 50 हजार रुपए की घोषणा की। यह घोषणा होते ही विद्यार्थियों और स्टाफ में हर्ष की लहर दौड़ गई।

**प्राचार्य एवं छात्राओं ने जताया आभार**

प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा ने कहा कि विधायक ने हमारी मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर बड़ी राहत दी है। विद्यालय परिवार उनकी इस संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद व्यक्त करता है। छात्राओं ने भी साइकिल वितरण और नई सुविधाओं के लिए विधायक के प्रति आभार जताया।

## दिव्यांग बच्चों को समान अवसर देना समाज की सच्ची प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



आकार आवासीय संस्था परिसर में बुधवार को पूरे जोश-शराबे के साथ अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की जोरदार शुरुआत हुई, जिसमें जिले के दिव्यांग बच्चों ने अपनी छुपी हुई प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चों ने गायन, नृत्य, खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं इतनी जबरदस्त रहीं कि समस्त आगंतुक मंत्रमुग्ध हो गए। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत को सम्मानित किया। इस बार का लक्ष्य साफ था - विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और समाज में समावेशी सोच को मजबूत करना। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर वितरित किए गए। इस पहल से बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जागी। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने दिव्यांग बच्चों के साथ खड़े होकर कहा, जब हर बच्चा समान अवसर पाता है, तभी समाज असली मायने में आगे बढ़ता है। उन्होंने बताया कि आकार आवासीय दिव्यांग संस्था इस क्षेत्र के सभी दिव्यांग बच्चों को शिक्षण, थेरेपी और पुनर्वास जैसी समग्र सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। सरकार और प्रशासन इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं पार्षद रंजीत बारठ, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अनिल टावरी, दिलीप पेद्दी, शोभन गधामी, राजकुमार कर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, समग्र शिक्षा अधिकारी उमाशंकर तिवारी, अधीक्षक हरि कुमार कौशिक और आकार आवासीय विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## सीएमडी ने गांधी प्रतिमा का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



श्रमिक सदन इंटक भवन में गांधी भवन का लोकार्पण सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के हाथों संपन्न हुआ । परियोजना एवं उद्योग से जुड़े तथा कर्मचारी एवं जनहितार्थ से संबंधित 20 सूत्रीय मांग पत्र यूनियन के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी ने सीएमडी को सौंपा।

- 20 सूत्रीय मांग पत्र पर मिला सकारात्मक आश्वासन

यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह ने यूनियन की मजबूत संगठनात्मक शक्ति को प्रदर्शित किया वहीं श्रमिक कल्याण और एकजुटता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदान की। समारोह में मुख्यालय से पधारे निदेशक कमर्शियल विश्वनाथ सुरेश, निदेशक टेक्निकल विनय कुमार, निदेशक उत्पादन जयदीप दास गुप्ता, निदेशक मानव संसाधन प्रियदर्शिनी गद्दाम, किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक वर्कर्स किशन अहुजा, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन के पी सिंह, उप महाप्रबंधक एच आर के एल नागवेनी एवं समस्त विभागध्यक्ष, थाना प्रभारी संजय यादव एवं टीम, खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू एवं अधिकारी तथा परियोजना के अधिकारी कर्मचारी के साथ बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। यूनियन सदस्यों ने पुष्पमालाओं से सीएमडी एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। सीएमडी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नव निर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ किया। जिसके उपरांत गांधी भवन परिसर का अवलोकन किया।

**गांधी भवन एकता, सम्मान और संघर्षों का जीवंत प्रतीक**

यूनियन सचिव एके. सिंह ने कहा कि गांधी भवन यूनियन की दूरदर्शी सोच और कर्मठ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह भवन संगठन, बेहतर संवाद और श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा।

**20 सूत्रीय मांग पत्र पर सीएमडी का मिला सकारात्मक आश्वासन**

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल द्वारा परियोजना स्तर एवं नीतिगत विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर सीएमडी को 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही वेतन, पदस्थापना, ठेका श्रमिक समस्याएँ, नवनियुक्त कर्मचारियों की मांगें, सुरक्षा, स्वास्थ्य, परियोजना बसें, टाउनशिप विकास सहित अनेक विषयों पर चर्चा की। सीएमडी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनी और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने यह भरोसा जताया कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र समाधान मिलेगा।

## मटेनार में अवैध रेत परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 दिसंबर को ग्राम मटेनार तहसील दंतेवाड़ा में औचक निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक सोल्ड ट्रैक्टर एवं सीजी 18 सी 2016 ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से साधारण रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्तियों के पास किसी भी प्रकार का वैध परिवहन पास या दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिला। अतः निरीक्षण टीम द्वारा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के उल्लंघन के अनुसार कार्यवाही करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा आगे भी अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप



### पेंशनरों की बैठक में सदस्यता पर जोर

**चारामा।** पेंशरों की मासिक बैठक वाचनालय भवन में अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में जिला अध्यक्ष दिलदार सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा एवं सचिव जिला स्तर से सम्मिलित हुए। चर्चा के बिंदुओं पर नए पेंशनर सदस्यों का नामांकन मासिक शुल्क जमा करना नए सदस्यों को संघ में जोड़ने के लिए प्रेरित करना प्रमुख रूप से चर्चा का विषय रहा। इस बैठक में प्रांतीय सम्मेलन बलोदा बाजार निर्धारित 17 दिसंबर को जाने के लिए चर्चा हुई। संबंधित सम्मेलन में जाने के लिए सचिव के पास एक सप्ताह पूर्व नाम दर्ज करा सकते है। इस बैठक में उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव शेखू राम नागराज, मनराखन मरकाम, भागीरामसाहू, शिव प्रसाद नेताम, एलआर नेताम, विश्व भरण तरम, जोहत राम, लक्ष्मण कश्यप, पवन कुमार साहू, आरएल केसरी, देवरामनाग, डीएस मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

### घमरे में ओपन प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा 19 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम घमरे में नव युवा संगठन के तत्वावधान में ओपन प्रो-कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 दिसंबर तक हासपेन सुखराम सलाम खेल मैदान में आयोजित होगी। खेल प्रेमी युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस खेल महोत्सव में महिला एवं पुरूष वर्ग कबड्डी तथा पुरुष वॉलीबॉल स्पर्धाएँ होंगी।

### नाकापारा स्कूल के शिक्षक व छात्र माँग को लेकर सड़क पर उतरे



**चारामा।** विकासखंड चारामा मुख्यालय के शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल नाकापारा के स्कूली बच्चे हाथों में व्ही नीड टीचर्स का बोर्ड लेकर ब्लाक एजुकेशन ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने लगे, यह नजारा देख कर सब चौक गए। जिम्मेदार शिक्षा अधिकारी बच्चो को मानाने और समझाने में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार 16 जून से स्कूल तो खुल गए, लेकिन इस माध्यमिक स्कूल में महज दो ही शिक्षक पदस्थ है, जिसके चलते 2 ही विषयों पर पढाई होती है, बाकी विषयों की पढाई ठप्प है, जिसके चलते बच्चो को प्रदर्शन करना पड़ रहा है, और अब पूरा साल बीतने को आ गया हैं। स्कूली बच्चो ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक अंग्रजी माध्यम विद्यालय नाकापारा चारामा में गणित एवं विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के विषय शिक्षक नहीं होने के कारण इन विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रहा हैं, इससे पहले भी हमने ब्लाक शिक्षा अधिकारी को अगवत कराते शिक्षक की मांग की थी, लेकिन 7 माह बीत जाने को है, आज पर्यन्त तक विषय शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गयी। समिति के सदस्य व पालकगण अपने बच्चों के भविष्य के प्रति चिंतित है।

## निधन

### नोहरीन बाई

**सरोना।** तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम कुम्हानखार निवासी नोहरीन बाई कुजांम का निधन 13 नवंबर गुरुवार को हो गया।



अंतिम संस्कार के दौरान ग्राम के अनेक लोग उपस्थित रहें। दिवंगत के बेटे जवाहरलाल कुजांम, देवर कैकरिया कुंजाम, क्षेत्र के जनपद सदस्य तथा उनके नाती सोहेंन्द्र कुंजाम ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं नहावन कार्यक्रम का आयोजन 8 दिसंबर सोमवार को ग्राम कुम्हानखार में किया जाएगा।

### समस्या : तहसीलदार को ज्ञापन सोंपकर समस्या के निराकरण की मांग की

# वनाधिकार पट्टाधारियों के टोकन नहीं कटने से धान बिक्री बाधित, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत वनाधिकार पट्टाधारी किसानों की समस्याएँ लगातार गहराती जा रही हैं। बुधवार को इस संबंध में कई वन ग्रामों के किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में यह मांग की गई कि वनभूमि पट्टाधारियों के धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन तत्काल प्रभाव से जारी किए जाए, ताकि किसान अपनी उपज बेच सकें। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण किसान छबीलाल जाड़े, फगवा राम पुडो, जगदेव मंडावी, कमलेश मंडावी, धन्नालाल सिन्हा, दिनेश कुमार महावे और हिरालाल कोवाची ने बताया कि वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों का टोकन अभी तक सिस्टम में कटा ही नहीं है, जिसके कारण धान बेचने की प्रक्रिया अटक गई है। कई किसान अपनी फसल घरों व खलिहानों में रखकर परेशानी झेल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल धान खरीदी तक सीमित नहीं है। आधारभूत ऑनलाइन सेवाओं जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र भी वन ग्रामवासियों के लिए नहीं बन पा रहे हैं। इससे छात्रों की शैक्षणिक प्रक्रियाएँ, छात्रवृत्ति आवेदन, प्रवेश, नौकरी और अन्य सरकारी लाभ भी बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वन ग्राम होने के कारण उन्हें आज भी शासन की कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई बार आवेदन और निवेदन करने के बावजूद वन ग्रामों को राजस्व अभिलेख रिकार्ड में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, जिससे उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि धान बिक्री के लिए ऑनलाइन टोकन जारी करने की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। तहसीलदार कुलदीप ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि वनभूमि पट्टाधारियों का वन विभाग द्वारा सत्यापन और वेरिफिकेशन कार्य पूरा होते ही टोकन काटना शुरू किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्या जल्द हल की जाएगी और किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आगे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### जनपद सभापति ने लोहत्तर धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश सहित विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। खरीदी के दौरान गुरुवार को संचार एवं संकर्म सभापति विकास राजू नायक, भूतपूर्व सरपंच ललित देहारी, राहुल जाम्बुरकर एवं मन्नू दीवान ने धान उपार्जन केंद्र लोहत्तर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। लेमप्स ऑपरेटर, खरीदी प्रभारी और बारदाना प्रभारी ने बताया कि लेमप्स में कुल 599 का पंजीयन है जिसमें अब तक कुल 1077 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है और कल ही प्रशासन के द्वारा लिमिट बढ़ाया गया जिससे धान खरीदी में तेजी आएगी। जनपद सभापति ने धान उपार्जन केन्द्र मे धान बेचने आए किसान धर्मेन्द्र बढ़ाई सोनादई, सम्पत मोहगांव, सुरुज तोप्पा हेपुरकसा, अयत राम परभेली, ओमप्रकाश भुआर्या लोहत्तर से चर्चा की और समस्या एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सम्बंधितों को निर्देशित किया कि धान बेचने में किसानों को कोई दिक्कत न हो तथा केन्द्र मे मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो, धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। किसानों को समय पर भुगतान और पारदर्शी खरीदी प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं शासन द्वारा धान खरीदी के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर विधिक सहायता की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अध्यक्ष संजीव कुमार टामक के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता कार्यक्रम गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव डीएलएसए शांति प्रभु जैन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका एवं उद्देश्यों की जानकारी दी और साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों के अधिकारों, उनके लिए उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता तथा न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। सचिव ने कहा कि दिव्यांग जन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके प्रति सम्मान, संवेदना तथा सहयोग की भावना रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए।

उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर छग मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा पैरालीगल वॉलेंटियर भी मौजूद रहे।

### किसानों के पंजीयन की समय-सीमा बढ़ी 15 तक

**जगदलपुर।** कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उन कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु विशेष प्रावधान उपलब्ध करा दिया है, जिनकी पंजीयन कार्रवाई विभिन्न विभागों में प्रक्रियाधीन होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इन विशिष्ट कृषकों के पंजीयन के लिए 15 दिसंबर तक समस्त समितियों के समिति लॉगिन में यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त आदेश के मद्देनजर कलेक्टर हरिस एस ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों सहित खाद्य नियंत्रक, कृषि विभाग के उप संचालक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## नई उड़ान से मिली वेटलिफ्टिंग की प्रेरणा, नजर अब बड़ी स्पर्धाओं पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम चिहरो के राकेश कुमार चुरेंद्र ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 22 वर्षीय राकेश ने बताया कि वेटलिफ्टिंग की प्रेरणा उन्हें जिला प्रशासन द्वारा संचालित पूना परियान : नई उड़ान पहल से मिली, जहां कोच रिखीराम साहू से उन्हें उत्कृष्ट प्रशिक्षण मिला। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले राकेश की बस्तर ओलंपिक में सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

युवा ने बताया कि वे रोजाना सुबह 7 बजे से 9 बजे तक नियमित अभ्यास करते हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद राकेश ने दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाते हुए सीमेंट से भरे वजन और लकड़ी के बार के सहारे अपना अभ्यास जारी रखा। इस तरह उन्होंने जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में 65 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपनी सफलता से



गौरवान्वित व उत्साहित युवा ने अपने संघर्ष व मेहनत को याद करते हुए बताया कि आर्थिक स्थिति और उपकरणों की कमी ने कई बार मुश्किलें पैदा की, परन्तु उन्होंने हार मानने के बजाय अपने लक्ष्य को साधने की दिशा में हर संभव प्रयास करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। अब जगदलपुर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, जिसे लेकर वे बेहद उत्साहित हैं। बस्तर ओलंपिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करना तथा आगे चलकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर चिहरो गांव और कांकेर जिले का नाम रोशन करना अब उनका एकमात्र लक्ष्य बन गया है। वे क्षेत्र के अन्य युवाओं को प्रेरित करते हुए कहते हैं कि अगर लक्ष्य मजबूत और मेहनत सच्ची हो तो साधन की कमी आड़े नहीं आ सकती।

## एनएसएस का बरहेली में 7 दिनी संयुक्त मेगा शिविर का शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शाउमावि आमाकड़ा एवं शाउमावि दमकसा की संयुक्त एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय मेगा शिविर का ग्राम बरहेली में 1 दिसंबर से शुभारंभ किया गया। इस शिविर का मुख्य लक्ष्य ग्राम विकास, स्वच्छता अभियान और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता को मजबूत बनाना है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा उपस्थित रही, वही उपसरपंच संता अजय दर्रो ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दुष्यंत वाडिवा, ग्राम पटेल मुरहा राम दर्रो तथा ग्राम गायता नरेश गावड़े सहित अतिथि मंचासीन रहे। अतिथियों ने एनएसएस द्वारा समाज में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं से देश हित में योगदान देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास की दिशा में युवा शक्ति सबसे बड़ा माध्यम है और इस प्रकार के शिविर जन-जागरूकता का असरदार स्वरूप हैं। यह शिविर प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवडे एवं प्राचार्य हेमलता वाडिवा के संयुक्त निर्देशन में तथा कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार रावटे एवं पंचराम करपाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेवक गांव में स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन जागरूकता, शैक्षिक प्रसार, रैलियाँ, तथा विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का लक्ष्य तय किया गया है। उद्घाटन अवसर पर दोनों विद्यालयों के शिक्षक-कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवक तथा ग्रामवासियों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## जिला सहकारी बैंक भवन का निर्माण तीन साल से अधूरा, किसानों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम अमोड़ा में बनने वाला जिला सहकारी बैंक भवन पिछले तीन वर्षों से अधूरा पड़ा है। किसानों की सुविधा और आर्थिक लेनदेन को सरल बनाने के उद्देश्य से स्वीकृत यह बैंक भवन अब राजनीतिक बदलाव और सरकारी उदासीनता का शिकार हो चुका है।

अमोड़ा क्षेत्र के लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बादल प्रवास के दौरान ठोस मांग रखते हुए कहा था कि नरहरपुर क्षेत्र में केवल एक ही जिला सहकारी बैंक होने से किसानों को भारी परेशानी होती है। लंबी दूरी तय कर बैंक पहुंचना, लेनदेन में देरी और कृषि कार्यों में बाधा जैसी स्थितियों से किसान जूझ रहे थे। किसानों की उसी आवश्यकता को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री ने अमोड़ा में जिला सहकारी बैंक स्वीकृत कर दिया और भवन निर्माण भी शुरू कर दिया गया था। शुरुआत में कार्य तेजी से आगे बढ़ा, लेकिन चुनावी माहौल



के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। उम्मीद थी कि चुनाव बाद कार्य पुनः शुरू होगा और क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी, मगर भाजपा सरकार आने के बाद से यह काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा है और बैंक का संचालन तक शुरू नहीं हो पाया है। किसानों का कहना है कि बैंक बंद होने के कारण उन्हें आज भी नरहरपुर या अन्य दूरस्थ शाखाओं का सहारा लेना पड़ता है, जिससे समय, पैसा और मेहनत सभी बर्बाद होते हैं। जिन किसानों को ऋण, बीज, खाद या फसल उपज से जुड़े कार्यों के लिए तत्काल बैंक सुविधा चाहिए होती है, उन्हें सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द अधूरे भवन का निर्माण पूरा कर बैंक संचालन शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों किसान सीधे तौर पर लाभ उठा सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

## भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ की बैठक हुई

**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ की बैठक जिला मुख्य आयुक्त एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरत मटियारा के मुख्य अतिथि में एवं रामचरण कोर्राम अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में आयोजित हुई।

बैठक में विकासखंड कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी का विस्तार तृतीय सोपान शिविर का आयोजन, राज्य स्तरीय रोवर रेंजर शिविर में प्रतिभागिता और पूर्व अभ्यास शिविर, राज्य स्तरीय पर पर्वतारोहण शिविर पचमढ़ी में विद्यालय के बच्चों को भाग लेने



सहित आवश्यक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। विकासखंड अध्यक्ष एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी का भी चयन किया गया ताकि विकासखंड जिला में ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों में विद्यालय के बच्चे भाग ले सके और साथ ही जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा एवं अध्यक्ष रामचरण कोर्राम ने उपस्थित पदाधिकारी एवं स्काउट एंड गाइडर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के प्रत्येक गतिविधियों में जिले को अग्रणी कर स्काउट गाइड की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया जाए।

## नेशनल लोक अदालत 13 को, तैयारियों पर डीजे ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चतुर्थ नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होगा। इसके सफल संचालन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय कांकेर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैठक लेकर पक्षकारों के बीच सौहार्द्रपूर्ण समझौता कराते हुए प्रकरणों का शीघ्र एवं सरल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक ने बैठक में उपस्थित बीमा



कंपनी व फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं को प्रकरणों का शीघ्र एवं सरल समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में यह भी अपेक्षा की गई कि सभी संस्थाएं अपने लंबित दावों की प्राथमिकता से समीक्षा कर समझौता योग्य प्रकरणों को चिन्हित करें, ताकि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निराकरण किया जा सके। इस दौरान बीमा कंपनी व फाइनेंस कंपनी के अधिवक्ता एवं प्रबंधक ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए, जिसमें लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों की श्रेणियों, राजीनामा योग्य, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों एवं धारा 138 के मामलों की पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु जैन एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रबंधक एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# विधायक आशाराम की सेवा के दो साल पूर्ण होने पर तालाकुर्रा में ग्रामीणों ने की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम के सेवा, समर्पण और विकास के दो वर्ष पूर्ण होने पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इसी अवसर पर 3 दिसंबर को तालाकुर्रा में सरपंच, ग्रामीणों सहित धनेलकन्हार मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा दंतेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सभी ने माँ दंतेश्वरी से विधायक नेताम के उज्ज्वल भविष्य, निरंतर विकास और जनसेवा की गति को और अधिक प्रबल होने की कामना



किया। धनेलीकन्हार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दो वर्षों में विधायक आशाराम नेताम ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांव-गांव और घर-घर तक विकास की रोशनी पहुंचाई है। सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत विषयों पर उल्लेखनीय कार्य होने से लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेताम का नेतृत्व विकास को नई दिशा देने वाला रहा है और उनके प्रयासों से कई पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हुआ है। पूजा-अर्चना कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने कहा कि विधायक ने सदैव संगठन और जनता दोनों के बीच संतुलन रखकर कार्य किया है। जनप्रतिनिधित्व की उनकी शैली लोगों के बीच विश्वास पैदा करती है। महामंत्री देवेंद्र यदु ने बताया कि नेताम के कार्यकाल में ग्रामीण विकास योजनाओं को गति मिली है और क्षेत्र में सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला है। मंडल उपाध्यक्ष विनोद रावटे और कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया ने भी विधायक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्रीय विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विधायक आशाराम नेताम का व्यवहार और जनता से उनकी सहजता उन्हें एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि बनाती है।

इस अवसर पर मरकाटोला लैंपस के अध्यक्ष अमर बढ़ाई, वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण जैन, राजेंद्र वैष्णव, कुलेश्वर मरगिया, रेवा रावटे, खेमन साहू, लादूराम रावटे सहित अनेक ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विधायक नेताम के नेतृत्व में क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की आशा व्यक्त किया।

